# मौत की सीवर लाइनः 24 घंटे बाद भी जिम्मेदार लापरवाह, अब तक 4 मजदूरों की जान गई

**सतना**। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे सीवर लाइन प्रोजेक्ट ने एक बार फिर एक मजदूर की जान ले ली है। गुरुवार को कृपालपुर वार्ड क्रमांक 16 में सीवर चैंबर की सफाई के दौरान तीन कर्मचारी हादसे का शिकार हुए। इनमें से अमित कुमार उर्फ संतराम कुशवाहा की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत हो गई,जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है। यह हादसा इसलिए हुआ क्योंकि कर्मचारियों को बिना किसी सेफ्टी उपकरण के सीवर में उतारा गया था।

### लापरवाही की लंबी फेहरिस्त

यह कोई पहला हादसा नहीं है। इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक 5 हादसे हो चुके हैं,जिनमें 4 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। इन लगातार हो रही मौतों के बावजूद,न तो ठेका कंपनियों ने कोई सबक लिया है और न ही नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने उन पर कोई ठोस कार्रवाई की है।

### 8 साल में अधूरा प्रोजेक्ट,जान पर भारी

जून 2017 में 208 करोड़ रुपये से स्वीकृत यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होना था,लेकिन 8 साल बीत जाने के बाद भी यह अधूरा है। पहले केके स्पन कंपनी को काम मिला,जिसे गुणवत्ता खराब होने के कारण ब्लैकलिस्ट किया गया। इसके बाद एन विराट और पीसी स्नेहल जैसी कंपनियों को काम मिला, लेकिन वे भी तय समय में काम पूरा नहीं कर पाईं। सीवर लाइन सुविधा कम,मुसीबतों का सबब ज्यादा बन गई है।

### जानलेवा हादसों का सिलसिला

इस प्रोजेक्ट के दौरान हुई मौतों का सिलसिला रोंगटे खड़े करने वाला है। साल 2022 में नई बस्ती में सीवर लाइन के काम में लगे वॉटर टैंकर के नीचे



दबकर एक युवती शालिनी साकेत की मौत हो गई थी। जनवरी 2024 में मारुति नगर में करीब 25 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी धंसने से मजदूर राम खिलाड़ी कुशवाहा दब गए थे। 7 घंटे की मशक्कत के बाद उनका शव निकाला जा सका। फरवरी 2025 में बसंत विहार कॉलोनी में खुदाई के दौरान सड़क धंसने से मशीन समेत गड्ढे में गिरे ऑपरेटर मुनेश कुमार तिवारी की मौत हो गई थी। 22 सितंबर 2025 में महादेव रोड पतेरी क्षेत्र में सीवर सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से अमित कुमार की मौत,जबकि दो अन्य आदर्श शुक्ला और किशन वर्मा घायल हुए।

### कानून का उल्लंघन, नहीं पहनते सेफ्टी किट

सितंबर 2023 में केंद्र सरकार की एक स्टडी में सामने आया था कि सीवर सफाई के दौरान जान गंवाने वाले 90% से ज्यादा मजदूरों ने कोई सेफ्टी किट नहीं पहनी थी। मैन्युअल स्कैवेंजिंग एक्ट 2013 के तहत सीवर में उतरकर काम कराने पर सजा और जुर्माने का प्रावधान है,लेकिन सतना में ठेका कंपनियां और नगर निगम दोनों ही इस कानून का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नगर निगम और टेंडर लेने वाली कंपनी की है,लेकिन वे अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। कर्मचारी की मौत के 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या ठेकेदार पर कोई ठोस आपराधिक कार्रवाई न होना,यह दर्शाता है कि प्रशासन मजदूरों की जान की कीमत को कितनी गंभीरता से लेता है। यह प्रोजेक्ट अब स्मार्ट सिटी के नाम पर एक ब्लैक स्पॉट बन चुका है,जहां विकास की कीमत गरीब मजदूरों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल, पर सतना-मैहर में औसत से ज्यादा हुई वर्षा

**सतना**। सतना और मैहर क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने लोगों को परेशान कर रखा है। शुक्रवार को सतना में अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया,जो एक हफ्ते से बने हुए मौसम का हाल बयां करता है। दिन में तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल हैं और राहत की तलाश में हैं। हालांकि,गर्मी से मिल रही यह परेशानी मानसून के आंकड़ों को फीका नहीं कर पाती। दोनों ही जिलों में इस वर्ष 1 जून से 25 सितंबर तक हुई औसत वर्षा ने पिछले साल के रिकॉर्ड को पार कर लिया है और सामान्य औसत से भी अधिक रही है। यह दिखाता है कि इस सीजन में बारिश अच्छी हुई है,बावजूद इसके सितंबर के अंत में गर्मी बढ़ गई है।

### मैहर जिले में सामान्य से अधिक वर्षा

नवगठित मैहर जिले में 1 जून से 25 सितंबर 2025 तक 997.7 मिलीमीटर (मि.मी.) औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. से काफी अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में 962.7 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी। इस वर्ष अमरपाटन तहसील में 1086 मि.मी., मैहर में 850.2 मि.मी. और रामनगर में 1056.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### सतना जिले ने भी बनाया वर्षा का नया रिकॉर्ड

सतना जिले में भी मानसून का प्रदर्शन शानदार रहा है। जिले में 1 जून से 25 सितंबर तक 1034.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह आंकड़े जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. से बहुत ज्यादा है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक सतना में 761.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जिससे तुलना करने पर इस बार की बारिश कहीं बेहतर रही है। सतना जिले की तहसीलों में नागौद में सर्वाधिक 1275.9 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 1268.3 मि.मी.,और सतना (रघुराजनगर) में 1265.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि,जसो (नागौद) में सबसे कम 543 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। कुल मिलाकर,जहां एक तरफ लोग बढ़ती गर्मी से त्रस्त हैं,वहीं दूसरी तरफ अच्छी औसत वर्षा ने किसानों और जल संरक्षण के लिए एक अच्छी खबर दी है। भीषण गर्मी और मानसून के शानदार आंकड़ों का यह विरोधाभास इस मौसम की कहानी बयां करता है।

### मैहर जिले में 30 सितंबर महाअश्टमी को रहेगा स्थानीय अवकाश

**सतना**। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गये थे। जारी आदेश के अनुसार 30 सितंबर मंगलवार को दशहरा (महा अष्टमी) तथा 23 अक्टूबर गुरूवार को भाईदूज को स्थानीय अवकाश रहेगा। कोषालय तथा बैंकों पर यह अवकाश लागू नहीं होंगे।

# शहर की चरमराती यातायात व्यवस्था को सुधारने की कवायद तेज, ब्लैक स्पॉट खत्म करने पर फिर हुआ मंथन



**सतना**। शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जिला प्रशासन ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में गंभीरता दिखाई है। गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की यातायात समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लंबे समय से ब्लैक स्पॉट खत्म करने की चल रही कवायद का नतीजा मनसा अनुरूप नहीं होने और प्रमुख चौराहों जैसे सेमरिया चौक,भरहुत नगर तिराहा,सर्किट हाउस चौक,और कोठी मोड़ पर हालात बदतर होने की खबर के बीच यह बैठक हुई। बैठक में डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे ने बताया कि जिले के ग्रामीण मार्गों पर 22 दुर्घटना बहुल क्षेत्र और 4 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। वहीं,शहर में यातायात सुगम बनाने के लिए ठेला,ऑटो अतिक्रमण और बेसमेंट पार्किंग की समस्या प्रमुखता से सामने आई। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए राजस्व,पुलिस और नगर निगम को संयुक्त रूप से चरणबद्ध कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले स्थानीय नागरिकों के सहयोग से संबंधितों को चेतावनी दी जाए। बेसमेंट पार्किंग के सदुपयोग के लिए माल,हॉस्पिटल और व्यापारिक संस्थानों को प्रेरित किया जाए और न मानने पर नोटिस देकर कार्रवाई की जाए। सेमरिया चौक में व्यवस्था के लिए ऑटो-ठेला को नगर निगम टाउनहॉल के समीप खाली जमीन पर अस्थाई रूप से शिफ्ट करने की व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही,ब्लैक स्पॉट खत्म करने और दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड/साइनेज लगाने के लिए संबंधित सड़क मार्ग एजेंसी को दो सप्ताह का समय दिया गया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने नो एंट्री क्षेत्र में साइनेज लगाने,डिवाइडर युक्त मार्गों पर अनावश्यक कट पॉइंट को बंद कराने और बड़े प्रतिष्ठानों के सामने पार्किंग व्यवस्थित रखने के लिए संचालकों से दो-दो गार्ड रखने की अपेक्षा की। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम और राजस्व अधिकारियों को संयुक्त रूप से बाटल नेक स्थानों का निरीक्षण कर सुधारात्मक प्रस्ताव समिति को सौंपने और तुरंत कार्रवाई करने को कहा। इन निर्देशों के बाद सवाल उठ रहा है कि पिछली बैठकों की तरह इस बार भी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन होगा या नहीं, और क्या इन फैसलों से सतना की वर्षों पुरानी यातायात समस्या का समाधान निकल पाएगा।

# भारी क्षमता के वाहनों के संचालन में लगी रोक

### कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किये आदेश

**सतना**। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत रामपुर बघेलान से लालपुर-अमरपाटन रोड बाया-शिवपुरवा रोड में भारी क्षमता के वाहनों के संचालन में रोक लगाये जाने के संबंध में आदेश जारी किये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रामपुर बघेलान से लालपुर-अमरपाटन रोड बाया शिवपुरवा रोड में भारी क्षमता के वाहनों ट्रकों,खुले डम्फरों, लोडिंग वाहनों सहित भारी क्षमता वाले वाहनों के संचालन,प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अमरपाटन की ओर से आने-जाने वाले समस्त भारी वाहन बेला होकर रामपुर बघेलान आयेंगे एवं अमरपाटन से सतना होकर भी रामपुर बघेलान आना-जाना कर सकेंगे। जो वाहन शासकीय कार्य में जैसे गेहूं,धान एवं रासायनिक उर्वरक इत्यादि का यातायात,पीडीएस सिस्टम,दुग्ध वाहन, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं अन्य शासकीय विभागों के कार्य से जुडे है उन वाहनों को आदेश में छूट रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अत्यंत आवश्यक होने पर सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान से लिखित अनुमति लेकर वाहन सीमित समय के लिए प्रवेश कर सकेंगे।

## नाबालिग बालिका सकुशल बरामद,परिजनों को सौंपा

**सतना**। नागौद पुलिस ने लापता नाबालिक को कुशलता पूर्वक बरामद करने में सफलता हासिल कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में नागौद पुलिस को यह सफलता मिली है।पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त को फरियादी ने थाना नागौद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।रिपोर्ट के अनुसार फरियादी और उसकी पत्नी मजदूरी और राशन लेने के लिए बाहर गए थे।घर पर उनकी मां,बहन और पुत्रियाँ थीं। जब पत्नी घर लौटी,तो उनकी बड़ी लड़की घर पर नहीं मिली।परिवार की पूछताछ पर पता चला कि वह दोपहर 02 बजे के करीब बिना बताए कहीं चली गई है। रिश्तेदारों और आस-पास पता लगाने पर भी जब वह नहीं मिली,तो यह आशंका जताई गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया है। इस रिपोर्ट पर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 543/24 धारा 137(2) बीएनएस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### सफलतापूर्वक दस्तयाबी

विवेचना कार्यवाही के दौरान,पुलिस टीम लगातार गुमशुदा बालिका की तलाश कर रही थी। अथक प्रयासों के बाद नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया है। दस्तयाब बालिका को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी.अशोक पाण्डेय,उप-निरीक्षक सत्यकीर्ति,सहायक उप-निरीक्षक श्याम लाल रावत और आरक्षक अजय विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# चित्रकूट में 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ

सतना। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वाल्मीकि सभागार में 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन ने विचार मंथन को एक नई दिशा प्रदान की। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री महेश शर्मा,झाबुआ,मुख्य अतिथि रहे, जबकि कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने अध्यक्षता की। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने विषय प्रवर्तन करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पर्यावरण का पोषक बताया और जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री महेश शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को संस्कृति और विरासत से जोड़ते हुए उपभोग करने किंतु संग्रह न करने की सीख पर जोर दिया,कहा कि यह परंपरा जीवन जीने की कला सिखाती है। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,सतना ने ग्रामीण लोक परंपरा को भारतीय ज्ञान परंपरा मानते हुए पर्यावरण संरक्षण में उनके अनुभव जनित ज्ञान की महत्ता बताई। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ.श्याम बिहारी गुप्ता ने गाय,खेती और उद्योग को बढ़ावा देने पर जोर दिया, कहा कि भारतीय विकास का आधार खेत है और भारतीय किसान विकसित भारत 2047 में सशक्त योगदान देंगे। कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने अध्यक्षीय व्याख्यान में संगोष्ठी के विषय को चिंतन की नई दिशा देने वाला बताया। इस अवसर पर पद्मश्री महेश शर्मा ने कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा को फेलोशिप अवार्ड,डॉ.राजीव राठौर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और अर्चना उपाध्याय को पब्लिक आउट रीच अवार्ड से सम्मानित किया। संगोष्ठी संयोजक डॉ.उमेश कुमार शुक्ल द्वारा संपादित सेमिनार स्मारिका और पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। सत्र का सफल संचालन डॉ.ललित कुमार सिंह ने किया।

# आरडीसीए ने सतना जिला क्रिकेट एसोसिएशन को किया भंग



**सतना**। आरटीसीए ने सतना जिला क्रिकेट एसोसिएशन को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। कहा जा रहा है कि 2010 में बनी यह संस्था संविधान के मुताबिक काम नहीं कर रही थी। आरडीसीए ने सतना में क्रिकेट से जुड़ी गतिविधियों को चलाने के लिए 11 सदस्यों की एक एडहॉक कमेटी बनाई है।यह कमेटी अगले छह महीने तक काम करेगी,जिसके बाद नई कमेटी के लिए चुनाव होंगे। नई एड हॉक कमेटी में सांसद गणेश सिंह के पुत्र विकल्प सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ प्रमोद शर्मा उपाध्यक्ष,राजेश कैला मानद सचिव, अभिनय भट्ट संयुक्त सचिव और विराग जैन कोषाध्यक्ष होंगे। इस कमेटी के वरिष्ठ सदस्यों में गिरीश शाह,रतन श्रीवास्तव,नवीन श्रीवास्तव,प्रतुल दुबे,ललित खुराना और मेहुल सिंह शामिल हैं। आरडीसीए के अध्यक्ष राजीव खन्ना और सचिव कमल श्रीवास्तव ने यह आदेश जारी किया है।

**बायोफ्यूलसर्कल ने मध्य प्रदेश में नए बायोमास बैंक शुरू कर किसानों से संबंध मजबूत किए, सस्टेनेबल बायोमास संग्रहण के लिए इकोसिस्टम को सशक्त बनाया**

# 'पराली से प्रगति' के माध्यम से 2 लाख किसानों के साथ मध्य प्रदेश में 50,000 मीट्रिक टन और पूरे देश में 6.5 लाख मीट्रिक टन धान की पराली एकत्र करने का लक्ष्य

सतना

भारत की अग्रणी डिजिटल बायोएनर्जी सप्लाई चेन प्लेटफॉर्म बायोफ्यूलसर्कल मध्य प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर अपनी पहुँच बढ़ा रहा है, ताकि बायोमास एकत्रीकरण के लिए एक सस्टेनेबल इकोसिस्टम बनाया जा सके। किसानों से सीधे जुड़ाव और ग्रामीण स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, कंपनी ने आज सतना जिले के नागोद तहसील में स्थित मधिकला ग्राम पंचायत के अंतर्गत मधिकला बायोमास बैंक का उद्घाटन किया। इसके अलावा, राज्य भर में पांच और बायोमास बैंक स्थापित किए जा रहे हैंः जिनमें भोपाल जिले में बनखेड़ी, ताजपुरा और कानोरा, तथा सतना जिले के नागोद और बांधा शामिल हैं। इन बायोमास बैंकों में मुख्य कच्चा माल धान की पराली होगी।

मध्य प्रदेश में, बायोफ्यूलसर्कल इस सीजन में 50,000 मीट्रिक टन धान की पराली एकत्र करने का लक्ष्य रखता है और इसके लिए 12,000 से अधिक किसानों से जुड़ रहा है। पूरे देश में, कंपनी इस फसल सीजन में 2 लाख से अधिक किसानों के साथ मिलकर 6.5 लाख मीट्रिक टन बायोमास एकत्र करने का लक्ष्य रखती है।

मशीनरी आधारित कटाई, फसल अवशेष प्रबंधन और किसानों के लिए वैकल्पिक आय के स्रोत को बढ़ावा देने वाली, मध्य प्रदेश सरकार की "फसल अवशेष प्रबंधन – वेस्ट टू वैल्यू" पहल के साथ, बायोफ्यूलसर्कल राज्य में पराली जलाने को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत कर रहा है। सतना और भोपाल जिलों में बायोमास बैंक स्थापित करके, बायोफ्यूलसर्कल धान की पराली को बाजार योग्य वस्तु में बदलने के लिए एक तैयार प्लेटफॉर्म बना रहा है। कंपनी किसान समूहों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), स्थानीय उद्यमियों और उपकरण साझेदारों के साथ साझेदारी इकोसिस्टम मॉडल के माध्यम से काम कर रही है, ताकि ग्रामीण समुदाय न केवल बायोमास की आपूर्ति कर सकें, बल्कि इसकी वैल्यू चेन में सक्रिय रूप से भाग लेकर लाभ भी प्राप्त कर सकें।




'पराली से प्रगति' के तहत, बायोफ्यूलसर्कल सस्टेनेबल बायोमास प्रबंधन के आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों को उजागर करता है। मधिकला बायोमास बैंक के उद्घाटन समारोह में सरकारी अधिकारी भी उपस्थित थे, जहां पराली जलाने को कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आजीविका बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। वर्तमान में, बायोफ्यूलसर्कल भारत के 7 स्थानीय बाजारों में 66 बायोमास बैंक चला रहा है, और 10 बड़े बाजारों में कुल मिलाकर 10 लाख मीट्रिक टन वार्षिक आपूर्ति क्षमता है।

सुहास बक्सी, को-फाउंडर और चेयरमैन, बायोफ्यूलसर्कल, ने कहा,"भारत के पास अपनी विशाल बायोमास संसाधनों का उपयोग कर सतत ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने की अपार क्षमता है, जो अनुमानित रूप से सालाना 235 मिलियन मीट्रिक टन है। बायोफ्यूलसर्कल में, हम केवल इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना रहे हैं, बल्कि एक डिजिटल रूप से सक्षम इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जो किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और उद्योगों को एक मूल्य श्रृंखला में जोड़ता है। बायोमास केवल अवशेष नहीं है; यह ग्रामीण भारत का ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु सहनशीलता में योगदान है। हमारी भूमिका इस परिवर्तन को बड़े पैमाने पर संभव बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उनके



योगदान के लिए वास्तविक आय और पहचान मिले । इस विस्तार के साथ, हम बायोमास बैंकों की भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर सस्टेनेबल बायोएनर्जी अपनाने के एक सहायक के रूप में मजबूत कर रहे हैं।"

इस सीजन में, बायोफ्यूलसर्कल ने किसानों से जुड़ने और उन्हें आसानी से समझने योग्य तरीके से शिक्षित करने के लिए अपने आधिकारिक मैस्कॉट प्रकृति को लॉन्च किया है। प्रकृति बायोफ्यूल सर्कल के किसान जुड़ाव अभियान का चेहरा है, जो मशीनरी आधारित बायोमास एकत्र एकत्रीकरण, फसल अवशेष प्रबंधन और बायोएनर्जी जैसे जटिल विषयों को सरल और समझने योग्य तरीके से किसानों तक पहुँचाती है। किसान कार्यशालाओं, खेत प्रदर्शनों, सामुदायिक कार्यक्रमों और मधिकला उद्घाटन जैसे समारोह में, प्रकृति गांवों में संवाद को आगे बढ़ा रही है और किसानों को "पराली से प्रगति" के उद्देश्य से जोड़ रही है।

# डेल्हा से सरला नगर तक में झोलाछापों डाक्टर का आतंक, स्वास्थ्य विभाग मौन ?

**मैहर**। ज़िले के लगभग हर गाँव में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम धंधा चला रहे हैं।अगर डेल्हा से लेकर सिर्फ सरला नगर में सुक्ष्मता से देखा जाये तो भयावह स्थिति का आंकलन किया जा सकता है। बिना डिग्री और बिना सही जानकारी के ये नीम-हकीम भोले-भाले ग्रामीणों की ज़िंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। गलत इलाज और गलत दवाइयाँ देने के कारण लोगों को गंभीर बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा है,कई तो मौत के मुंह में भी समा चुके हैं। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि यह पूरा मामला जिला स्वास्थ्य अधिकारी और उनके पूरे महकमे की जानकारी में है अधिकारी कार्यवाही करने के जगह इन झोलाछापो से लाभ अर्जित कर आंख मूंदे रहते है। जिन पर निकरानी का दायित्व है वह भी इन कार्यों में कोई विशेष रुचि नही होती। जिससे कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साध ली जाती है। और स्वास्थ्य विभाग स्वतंत्र हो जाता है कारण साफ है झोलाछापों की मोटी कमाई में हिस्सेदारी की मलाई सब तक पहुँचती है। जब हर महीने अच्छी-खासी रक़म बंट जाती है तो फिर आम जनता की पीड़ा किसे दिखाई देगी? गाँव का सीधा-सादा नागरिक इलाज के भरोसे जब झोलाछाप के पास पहुँचता है तो उसे ठीक होने की बजाय बीमारी और बढ़ जाती है। गरीब आदमी के पास न तो बड़े डॉक्टर तक जाने का पैसा होता है,न ही कानूनी लड़ाई लड़ने की ताक़त। नतीजा गलत इलाज का दर्द वही झेलता है और विभाग हाथ पर हाथ धरे तमाशा देखता रहता है। जनता पूछ रही है जब स्वास्थ्य विभाग की पहली ज़िम्मेदारी नागरिकों की सेहत की रक्षा करना है,तो फिर क्यों ये अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं? क्या इंसानी जान से बढ़कर रुपयों की चमक हो गई है? यदि अब भी प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा नहीं जागा,तो आने वाले दिनों में मैहर का ग्रामीण समाज झोलाछापों के इस घातक खेल का सबसे बड़ा शिकार बन जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारी समय रहते कार्रवाई करें अन्यथा हमारी टीम डेल्हा से लेकर सरला नगर की वास्तविक स्वास्थ्य रिपोर्ट पर गहन अध्ययन कर जनता के सामने प्रस्तुत करेगी। बिना किसी वैध मेडिकल डिग्री या प्रशिक्षण के खुद को डॉक्टर बताने वालो पर मैहर स्वास्थ्य अधिकारी आज तक क्यो कार्यवाही नहीं कर रहे है। वे लोगों का इलाज करते हैं और दवाइयाँ देते हैं,जिससे अक्सर मरीजों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है। यह जवाब देही किसकी होगी ?

**खबर संक्षेप**

## आजीविका फ्रेश मेला का शुभारंभ आज

**पन्ना।** सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत वोकल फॉर लोकल की थीम पर टॉउन हॉल परिसर पन्ना में 27 से 29 सितम्बर तक तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला लगाया जाएगा। शनिवार को दोपहर 1 बजे मेला का शुभारंभ होगा। जिला प्रशासन एवं म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे आजीविका फ्रेश मेला में ग्रामीण महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसमें सहभागिता के लिए सभी आम नागरिकों से अपील की है, जिससे स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिलने के साथ स्वसहायता समूह को भी प्रोत्साहन मिले।

## पन्ना के प्रतिष्ठित व्यवसायी मनोज केशरवानी बने कैट के जिला अध्यक्ष, व्यापारी समुदाय में उत्साह

**पन्ना।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और समर्पित समाजसेवी श्री मनोज केशरवानी को भारतीय व्यापार महासंघ (कैट) पन्ना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अनुशंसा में कैट के मध्यप्रदेश महासचिव राजीव खंडेलवाल ने की, जिन्होंने श्री केशरवानी के अथक प्रयासों और नेतृत्व क्षमता को सराहा। श्री केशरवानी पहले से बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष, एथलेटिक्स संघ के जिला अध्यक्ष, और वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सक्रियता और योगदान के लिए जाने जाते हैं।

**सामाजिक कार्यों में अनुकरणीय योगदान-**
श्री मनोज केशरवानी अपने सामाजिक कार्यों के लिए पन्ना वासियों के दिलों में खास जगह रखते हैं। हर साल गर्मियों के भीषण मौसम में वे पन्ना शहर और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के टैंकर पहुंचाकर लोगों की प्यास बुझाने का पुण्य कार्य करते हैं। यह पहल न केवल उनकी उदारता की मिसाल है, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी है। उनके इस नेक प्रयास से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और समाज में उनकी सकारात्मक छवि मजबूत होती है।

व्यापारी समुदाय में खुशी की लहर- श्री केशरवानी की इस नई जिम्मेदारी से पन्ना के व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि उनके कुशल नेतृत्व में व्यापार को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र के कारोबारी हितों की बेहतर तरीके से रक्षा हो सकेगी। व्यापारियों ने इस नियुक्ति को एक स्वागतयोग्य कदम बताते हुए श्री केशरवानी से आशा जताई कि वे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएंगे। वही राजीव खंडेलवाल ने श्री केशरवानी के चयन को मध्य प्रदेश के व्यापारिक परिदृश्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने कहा कि श्री केशरवानी के अनुभव और समर्पण से न केवल पन्ना, बल्कि पूरे क्षेत्र में व्यापार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की संभावना है। स्थानीय लोग और व्यापारी वर्ग उनके नेतृत्व में आने वाले समय में और भी बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलावों की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### अवैध उत्खनन पर कलेक्टर न्यायालय का निर्णय

# कलेक्टर ने डायमंड स्टोन क्रेशर के प्रोपराइटर श्रीकांत दीक्षित पर की 124 करोड़ रूपए से अधिक की शास्ति अधिरोपित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुनौर तहसील के बिलघाड़ी स्थित मेसर्स डायमंड स्टोन क्रेशर के प्रोपराइटर श्रीकांत दीक्षित पिता स्व. भास्कर दीक्षित निवासी टिकुरिया मोहल्ला पन्ना पर गत 25 सितम्बर को एक अरब 24 करोड़ 55 लाख 85 हजार 600 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा एक आवेदक के प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उप संचालक खनिज प्रशासन जिला पन्ना एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुनौर के माध्यम से विस्तृत जांच प्रतिवेदन के उपरांत नियम विरूद्ध तरीके से गिट्टी के अवैध उत्खनन पर यह निर्णय पारित किया गया है। इसके साथ ही उप संचालक खनिज प्रशासन पन्ना को अनावेदक से अधिरोपित शास्ति की राशि नियमानुसार वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराने तथा बैंक चालान की मूल प्रति न्यायालय में प्रस्तुत कराने के संबंध में निर्देशित किया है। आवेदक द्वारा आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था कि पप्पू उर्फ श्रीकांत दीक्षित द्वारा गुनौर में गिट्टी क्रेशर के लिए पत्थर निकालने का कार्य स्वीकृत क्षेत्र के बाहर खुदाई कर किया जा रहा है। इससे करोड़ों की रॉयल्टी चोरी हो रही है। आवेदन में इस बात का उल्लेख भी किया गया था कि बड़ा माफिया होने के कारण इसका भोपाल तक कोई काम नहीं रूकता और श्रीकांत दीक्षित के खिलाफ कोई बोल नहीं सकता। वकील रामलखन त्रिपाठी और पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी द्वारा प्लानिंग से सभी कार्य कर तथा न्यूज के माध्यम से शासन को बेईमान और स्वयं को स्वच्छ छवि वाला दिखाकर पन्ना को लूटने का जिक्र भी आवेदक द्वारा किया गया था।

### नोटिस जारी कर एक सितम्बर को नियत की गई थी पेशी

अनावेदक को उप संचालक खनिज प्रशासन से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन उपरांत गत 20 अगस्त को म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 की धारा 18(2) के उल्लंघन पर कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रकरण में जवाब के लिए एक सितम्बर की पेशी तिथि नियत की गई थी। अनावेदक के अधिवक्ता नवीन शर्मा द्वारा निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर दस्तावेज व प्रतिवेदन की प्रति प्रदान करने तथा जवाब के लिए समय चाहे जाने पर सुनवाई तिथि 8 सितम्बर नियत की गई, लेकिन पुनः जवाब के लिए समय चाहा गया। इस प्रकरण में शासन साक्ष्य के लिए हल्का पटवारी बिलघाड़ी राजेश कुमार पटेल, हल्का पटवारी पाली अमित कुमार शिवहरे, हल्का पटवारी गुनौर प्रदीप मौर्य एवं हल्का पटवारी बरहाकला घनश्याम पटेल उपस्थित हुए और इनके साक्ष्य अंकित करने के बाद भी अनावेदक अभिभाषक द्वारा प्रतिपरीक्षण नहीं किया गया। 15 सितम्बर को पुनः सुनवाई तिथि में अनावेदक अधिवक्ता नवीन शर्मा ने इस प्रकरण को उच्च न्यायालय में ट्रांसफर करने और दायर पिटीशन के निराकरण तक कार्यवाही रोकी जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, लेकिन 20 अगस्त को जारी नोटिस के संबंध में जवाब प्रस्तुत नहीं



किया गया। शासन साक्षी राजस्व निरीक्षक एल.पी. रावत, पटवारीगण घनश्याम पटेल, राजेश पटेल, अमित कुमार शिवहरे एवं प्रदीप मौर्य की उपस्थिति के बाद भी अनावेदक के अधिवक्ता ने प्रतिपरीक्षण नहीं किया। सुनवाई तिथि 16 सितम्बर को अनावेदक की ओर से प्रस्तुत कुल चार आवेदनों का स्पीकिंग आदेश पारित कर संबंधित अधिवक्ता की उपस्थिति में निराकरण किया गया। साथ ही पुनः जवाब के लिए समय चाहे जाने की स्थिति में 20 अगस्त को जारी नोटिस पर जवाब प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त एवं समुचित अवसर दिए जाने तथा कलेक्टर न्यायालय की कार्यवाही को रोकने का हरसंभव प्रयास करने सहित न्याय हित में अनावेदक को जवाब एवं तर्क के लिए अंतिम अवसर प्रदान करने के संबंध में आदेशित किया गया, जबकि म.प्र. खनिज नियम के तहत उल्लंघनकर्ता को प्रशमन राशि जमा करने के लिए 15 दिवस का समय प्रदान करने का प्रावधान है। प्रकरण की विवेचना में पाया गया कि नोटिस जारी कर जवाब के लिए पर्याप्त एवं समुचित समय दिया गया, लेकिन अधिवक्ता आदेश पत्रिका में लेख की गई टीप से यह प्रमाणित होता है कि वे इस न्यायालय के आदेशों को मानने के लिए तत्पर नहीं है और लगातार न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं। 18 सितम्बर की सुनवाई में अधिवक्ता रेवती रमण दीक्षित द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर जवाब के लिए पुनः समय चाहा गया।

### पक्ष समर्थन और जवाब प्रस्तुत करने के लिए मिला पर्याप्त अवसर

कलेक्टर न्यायालय द्वारा विवेचना के दौरान पाया गया कि संबंधित को पक्ष समर्थन और जवाब प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त एवं उचित अवसर नोटिस जारी तिथि से ही प्रदान किया जा रहा है, लेकिन अनावेदक द्वारा आदेशों की लगातार अवमानना कर प्रकरण को लंबित रखने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे परिलक्षित होता है कि अनावेदक को स्वतः ही प्रारंभ से ज्ञात है कि अवैध उत्खनन का कोई पर्याप्त दस्तावेजी बचाव साक्ष्य नहीं है। इससे स्पष्ट है कि प्रकरण को लंबित रखने के उद्देश्य से अनावेदक निरंतर नए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। अधिवक्ता रेवती रमण दीक्षित के तर्क श्रवण सहित प्रकरण व दस्तावेजों के समग्र अवलोकन तथा शासन साक्षियों के कथनों के आधार पर यह पाया गया कि पूर्व की निरस्त लीज की बकाया राशि जमा करने का कोई प्रमाण प्रकरण में प्रस्तुत नहीं किया गया है। साथ ही गिट्टी खनन के सर्वे नंबरों से लगी भूमियों पर अनावेदक के पुत्र के नाम से भण्डारण की लीज स्वीकृत कराई गई। अनावेदक द्वारा मात्र 99 हजार 300 घनमीटर की रायल्टी जमा कराई गई है, जबकि उत्खनन 2 लाख 72 हजार 298 घन मीटर किया गया है, जिसके तहत दाण्डिक एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति की कुल प्रशमन राशि निर्धारित प्रावधानों के तहत 62 करोड़ 27 लाख 92 हजार 800 रूपए बनती है। निर्धारित प्रशमन राशि जमा नहीं करने पर दोगुनी शास्ति राशि जमा कराने का आदेश पारित किया गया। इस प्रकरण में यह भी पाया गया कि अनावेदक ने मान्नीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट पिटीशन क्रमांक 36212/2025 प्रस्तुत कर कलेक्टर पन्ना के न्यायालय के अभिलेख को तलब किए जाने, कलेक्टर पन्ना के विरूद्ध कार्यवाही तथा स्थानांतरण किए जाने, अनावेदक के विरूद्ध प्रचलित प्रकरणों को अन्य जिले के प्राधिकारी को अंतरित करने तथा अनावेदक के विरूद्ध कोई भी नई जांच प्रारंभ नहीं किए जाने का अनुतोष भी चाहा गया था, लेकिन मान्नीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 17 सितम्बर को उक्त गुणरहित याचिका को खारिज करने की कार्यवाही की गई।

## अजयगढ़ पुलिस ने कुँवरपुर में 18 पेटी अवैध शराब के साथ कार की जब्त, दो आरोपी किये गिरफ्तार

**पन्ना।** अजयगढ़ पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ा धमाका करते हुए कुंवरपुर में एक सनसनीखेज ऑपरेशन को अंजाम दिया है। छतरपुर से अजयगढ़ की ओर आ रही एक होंडा कार (न्च90 ।क1393) को पकड़कर पुलिस ने 18 पेटी अवैध शराब जब्त की है, जिसमें 900 क्वार्टर शराब थी, जिसकी कीमत लगभग 67 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों, में कमलेश यादव (निवासी सूरजपुरा, चंदला) और पुष्पेंद्र यादव (निवासी भानपुर) को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई, जिसमें पता चला कि यह शराब गांव-गांव में अवैध रूप से सप्लाई की जा रही थी। थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह के नेतृत्व में चैकी प्रभारी सावित्री राजपूत, प्रधान आरक्षक ईश्वर दयाल, शंकर प्रताप सिंह, आरक्षक मनोज




पटेल, भोपाल सिंह और महेश की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अजयगढ़ पुलिस की इस तेज-तर्रार कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। यह ऑपरेशन न केवल अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने में सफल रहा, बल्कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की सजगता को भी दर्शाता है।

**इनका कहना है-**

'अजयगढ़ पुलिस की यह कार्रवाई शराब माफियाओं के लिए सख्त चेतावनी है। हम अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेंगे।'

**बखत सिंह, थाना प्रभारी**

## मैं हूं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक



**अमानगंज –** शुक्रवार को ₹मैं हूं अभिमन्युॅ अभियान के तहत अमानगंज पुलिस ने शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल अमानगंज में ₹मैं हूं अभिमन्युॅ इस चक्रव्यूह को तोडूंगा- सहयोग, सम्मान, समानता पर आधारित नारी के महत्व, योगदान, भागीदारी के विषय मे बताया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं बालक/बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर नियंत्रण एवं लडके/लडकियों को समान अवसर प्रदान करना, समाज के हर स्तर पर व्याप्त लिंगभेद को समाप्त करना एवं आज के पुरुष को सभ्य समाज के निर्माण हेतु रुढिवादी धारणाओं एवं पूर्वाग्रहों के चक्रव्यूह को तोडते हुये महिलाओं के विकास व सह-अस्तित्व का सहभागी बनाना है। ₹मैं हूं अभिमन्युॅ कार्यक्रम में उपस्थिति रही थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री अमानगंज पीएम श्री बालाक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रचार सुरेंद्र द्विवेदी एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# पिता की हत्या करने वाले पुत्र को बंगाल से पन्ना पुलिस ने धरा

### इच्छा के विरुद्ध शादी और जमीन विवाद बना हत्या का कारण, आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाडी जप्त




**पन्ना।** दिनांक 18.08.2025 को फरियादिया श्रीमती विद्या पटेल हाल निवासी ग्राम लडहा थाना कोतवाली पन्ना द्वारा थाना कोतवाली उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई कि दिनांक 17.08.2025 की रात्रि करीब 11.30 बजे उनके पति जगदीश पटेल (उम्र लगभग 55 वर्ष) घर के आँगन में सो रहे थे। उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से उनके गले पर प्राणघातक वार कर दिया और भाग गया। गंभीर हालत में घायल को जिला अस्पताल पन्ना ले जाया गया था, जहाँ से रीवा, फिर जबलपुर और अंत में नागपुर रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 710/25 धारा 109(1) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया तथा इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से मामले में धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये मामले मे अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान एवं एस.डी.ओ.पी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व मे टीम गठित कर मालमे की जांच एव आरोपी की तलाश पतारसी हेतु निर्देशित किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल तथा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई एवं मुखविर तंत्र सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप विवेचना कार्यवाही के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक का पुत्र बृजेन्द्र पटेल ही हत्या का आरोपी है जिसको पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले के आरोपी को दुर्गापुर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। विवेचना दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक के दूसरे पुत्र सुरेन्द्र की वर्ष 2021 में करेन्ट लगने से मृत्यु हो चुकी थी। उसकी पत्नी लक्ष्मी का विवाह मृतक और परिवारजनों ने आरोपी बृजेन्द्र से उसकी इच्छा के विरुद्ध करवा दिया था। यह बात बृजेन्द्र को स्वीकार नहीं थी और उसी के चलते घर में लगातार विवाद चलता रहता था। कुछ समय पूर्व पंचायत में यह निर्णय हुआ था कि लक्ष्मी पटेल को 3 एकड़ जमीन देकर तलाक करवाकर मामला सुलझा लिया जाए, किंतु मृतक जगदीश पटेल ने जमीन नामांतरण से मना कर दिया और पुत्र बृजेन्द्र को लक्ष्मी के साथ ही रहने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर आरोपी बृजेन्द्र ने अपने पिता की हत्या की योजना बनाई थी।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दिनांक 17.08.2025 की रात उसने घर से कुल्हाड़ी उठाई और पिता के सो जाने का इंतजार किया। करीब 11 बजे रात में अपने पिता के गले पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उसने माँ को गुमराह करने के लिए कहा कि कोई अज्ञात व्यक्ति वारदात कर भाग गया है। इलाज के दौरान पिता की मृत्यु होने पर आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए अन्य व्यक्ति का नाम झूठा लिखाया और बाद में तेरहवीं के पहले ही दुर्गापुर (प. बंगाल) भाग गया।

**नाम पता आरोपी–**



ब्रजेन्द्र पटेल पिता स्व. श्री जगदीश पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मढिया थाना गुनौर हाल लडहा थाना कोतवाली पन्ना।

**जप्त सामग्री–**
हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी तथा घटना समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं।

**सराहनीय योगदान–**
उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, उप निरीक्षक सरोज गहलोत, सउनि अशोक गौतम, प्र.आर. शिवस्वरूप तिवारी, आर. पुष्पेन्द्र पटेल, जीतेन्द्र पटेल एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## पन्ना कलेक्टर के आदेश पर गुनौर प्रशासन का चला बुलडोजर हटाया गया अवैध अतिक्रमण

### दुकानों सहित 70 वर्षों से निवास कर कर रहे घर को भी किया नष्ट

**गुनौर।** प्रशासन की मौजूदगी में अतिक्रमण करने वालों पर शुक्रवार को बुल्डोजर चला नगर परिषद के कर्मचारियों पुलिस व राजस्व अमले की मौजूदगी में शासकीय भूमि में निर्मित दुकानों सहित 70 वर्षों से निवास कर रहे श्रीवास्तव परिवार के मकान को भी नष्ट कर दिया गया जो कि लोली होटल के सामने मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण कर दुकानों का निर्माण किया गया था जिसको पन्ना कलेक्टर के निर्देश पर अतिक्रमण को हटाया प्रशासन का कहना है कि इससे पहले भी नगर परिषद की टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था और उनसे पुनरू अतिक्रमण न करने का निर्देश दिया गया था. निर्देश के बाद जब अतिक्रमणकारी बाज नहीं आये तो



शुक्रवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. पुलिस बल के साथ नगर परिषद की टीम बुल्डोजर ले कर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची तो अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच गया। बुल्डोजर से कई दुकान व घर जमींदोज कर दिए गए . वही कब्ज़ा धारियों ने बताया की हमें दूसरे ख़सर नम्बर का नोटिस अतिक्रमण हटाने का दिया गया था लेकिन जिस ख़सर नम्बर का हमें नोटिस दिया गया था उसका अतिक्रमण ना हटा कर दूसरे नम्बर का अतिक्रमण हटाया जा रहा है इस एक तरफा कार्यवाही से परिवार की महिला का स्वास्थ्य भी बिगड़ा आन्न फान्न में गुनौर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची है स्वास्थ्य चैकअप कर दवाइयां दी गई नवागत एस.डी. एम. अनिल कुमार गुनौर का प्रभाव लेते कार्यवाही प्रारंभ करती हैं नवागत एसडीएम अनिल कुमार का 23 सितंबर को गुनौर के लिए आदेश हुआ और उन्होंने जॉइनिंग करके आज एक बड़ी कार्यवाही की गई है जिससे अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

**इनका कहना है-**

शासकीय भूमि में अवैध रूप से अतिक्रमण था जिसको कलेक्टर महोदय के निर्देशन पर हटा कर भूमि खाली करा दी गई है।

**अनिल कुमार, एस.डी.एम. गुनौर**

## जगजननी माँ की भक्ति में सराबोर नगर अमानगंज






**अमानगंज।** पन्ना जिले के प्रमुख धार्मिक स्थानों में से एक अमानगंज नगर में स्थित माँ ज्वाला देवी मंदिर मे पंचमी के विशेष मौके पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन मंदिर समिति व स्थानीय धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में माता भक्त शामिल हुए, जो अपने घर से घी का दीपक बना कर मंदिर प्रांगण पहुंचे और रात 8:30 बजे सामूहिक रूप से महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय एवं क्षेत्रीय भक्तों की भीड़ मंदिर प्रांगण में लबालब भरी नजर आई जहां चारों ओर से जय माता दी के नारे जय मां ज्वाला देवी के नारे गूंजने लगे। एक साथ आरती आरंभ होते ही चारों ओर दीपक ही दीपक नजर आए और सुंदरता आकषर्कता मंदिर प्रांगण के चारों ओर देखी गई। जहां एक स्वर में माता भक्त माता की जय जयकार करते देखे गए। ज्ञात हो की पन्ना जिले का यह एक ऐसा धार्मिक स्थल है जहां दूर-दूर से लोग अपनी मुरादे लेकर आते हैं। आज इस पावन मौके पर गुजरात और हरियाणा से भी माता भक्त महा आरती में पहुंचे जिन्होंने बताया कि माता हमारी झट से सुनती है हमारी गंभीर समस्याएं हमें परेशान किए हुए थी परंतु माता के दरबार में जाकर हमने जो अपनी फरियाद एक बार की साल भर के भीतर माता ने कृपा की दृष्टि हमारे ऊपर की और हम बड़ा वरदान पाएं माता रानी के दरबार में भक्तों ने धन्यवाद करते हुए एक गुप्त दान भी माता को किया। भक्त इसके पहले और भी कई स्थलों पर अपनी फरियाद कर चुके थे लेकिन सफलता माँ ज्वाला ने दी। यह स्थान दूर-दूर तक अपनी सरलता और सफलता के लिए जाना जाता है बस सच्चे मन से भक्त माता के दरबार में अपनी फरियाद करें और सफलता पाया जाता है महा आरती में आज हजारों भक्तों ने एक स्वर में माता की जयकार कहीं और नगर के कल्याण की कामना की। मंदिर समिति द्वारा नाना प्रकार का प्रसाद भक्तों के बीच बितरित भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ियों में आयोजित की गई न्यूट्रीशन वर्कशॉप

**लोगों को पोषण के माध्यम से मोटापे से बचने के उपाय बताए**

**छतरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला छतरपुर के द्वारा पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। छतरपुर जिले की समस्त आँगनबाडियों में न्यूट्रीशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के माध्यम से लोगों को पोषण के माध्यम से मोटापे से बचने के उपाय बताये गये एवं मोटापे से होने वाली बीमारी हृदय रोग उच्च रक्तचाप, स्ट्रोक और टाईप 02 मधुमेह के बारे में बताया गया।

समुदाय को बातचीत के दौरान बताया गया कि मोटापे से जोडों पर अतरिक्त दबाब पडता है। जिससे जोडों का क्षरण होता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं मोटापा जैसी स्थितियों का समूह मिलकर एक गम्भीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। उक्त आयोजन में पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व के बारे में बताया गया कि पौष्टिक खाद्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, ऊर्जा स्तर बढ़ाते है, रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत करते हैं, तनाव तथा चिंता को कम करने में सहायक होते हैं। यह शरीर को आवश्यक पोषण प्रदान करते हैं जिससे व्यक्ति बीमारी से लडने में सक्षम होता है और दीर्घकालिक बीमारियों से सुरक्षित रहता है। उपरोक्त गतिविधियों में अनेक हितग्राहियों द्वारा भाग लिया गया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर

**छतरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय पाश्र्व प्रवेश परीक्षा 2026-27 कक्षा 9वीं एवं 11वीं की शनिवार 7 फरवरी 2026 को आयोजन की जाएगी। जिसके प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि बढाक़र 2 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। जिसमें छतरपुर जिले के कक्षा 9 वीं के लिए वर्तमान सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं में पढऩे वाले छात्र-छात्राएँ एवं कक्षा 11वीं के लिये वर्तमान सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं में पढऩे वाले छात्र-छात्राएँ आवेदन कर सकते है।

### श्री रामलला सरकार मंदिर के लिए अंतरिम रूप से समिति गठित

**एडीएम न्यायालय ने एसडीएम के पूर्ण आदेशों को निरस्त किया**

**छतरपुर।** अपर कलेक्टर ने एसडीएम छतरपुर के आदेशों को सारवान तथ्यों पर आधारित न होने से निरस्त करते हुए आवेदक के द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन स्वीकार करते हुए मंदिर की पूर्व की पूजा अर्चना की व्यवस्था को बहाल किया। और तहसीलदार छतरपुर को निर्देशित किया कि 30 दिवस के अन्दर शासन के प्रावधानों के अनुसार नए पुजारी की नियुक्ति करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

श्री श्री 1008 राम लला सरकार मंदिर शासकीय भूमि पर स्थित होकर प्रबंधक कलेक्टर छतरपुर के रूप मे दर्ज है। और शासन के प्रावधानों के तहत तब तक के लिए संचालन समिति का गठन अंतरिम रूप से किया है। संचालन समिति में अध्यक्ष छतरपुर के एसडीएम, सदस्य एसडीओपी, सीईओ, सहायक यंत्री पीडब्ल्यूडी, एई एमपीईबी, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास एवं सचिव तहसीलदार छतरपुर (सौरा मंडल) को नियुक्त किया गया है। उपरोक्त संचालन समिति मंदिर की समस्त व्यवस्थाओं का संचालन करेगी। म.प्र. शासन के वित्तिय नियमों के अंतर्गत आय व्यय की कार्यवाही करेगी। यह समिति तत्कालिक व्यवस्था के रूप में लोक न्यास गठित होने तक परिसर का सुचारू रूप से प्रबंधन एवं संचालन करेगी। नीतिगत महत्वपूर्ण निर्णय कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात करेगी।

# जमीन पर जबरन कब्जा कर महिला को जातिसूचक शब्द कहकर किया अपमानित

**पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार**



**छतरपुर।** पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए आये दिन नवाचारों को उपयोग किया जा रहा है। लेकिन इन नवाचारों के बाद भी महिलाओं का उत्पीडऩ थम नही रहा है। दबंग किस्म के व्यक्ति गरीब महिलाओं को न केवल अपमानित कर रहें है। बल्कि उन्हें जातिसूचक शब्द कहकर गाली गलौज भी करतें है। ऐसा ही एक मामला थाना गढ़ीमलहरा के अंतर्गत ग्राम पडवाहा का सामने आया है। पडवाहा निवासी सियारानी अहिरवार पत्नी स्वर्गीय ग्यासीलाल अहिरवार ने महिला थाना प्रभारी छतरपुर को एक लिखित आवेदन देकर शिकायत की है कि गढ़ीमलहरा के ग्राम पडवाहा निवासी कोमल पाल, श्रीपत पाल ने उसके साथ झूमाझटकी करते हुए माँ बहन की गालियां देकर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया।

### क्या है घटना का कारण

पीड़ित सियारानी अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती आवेदन में बताया है कि उसकी जमीन खसरा नं. 399 पर गांव के सरमन पाल, संतोष पाल, श्रीपत पाल, कोमल पाल द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। 15 सितंबर 2025 को उसके प्लाट पर ईट, बालू, डालकर मकान बनाने का प्रयास किया गया। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारने का प्रयास किया। जिसकी शिकायत सियारानी अहिरवार ने एसडीएम नौगांव व थाना गढ़ीमलहरा में दी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। शिकायती आवेदन पत्र में सियारानी ने बताया कि 25 सिंतबर को कोमल पाल, संतोष पाल, श्रीपत पाल, मेरी जमीन पर फिर से तारबारी लगाकर कब्जा कर रहें थे तभी उसके देवर गोपीचंद्र अहिरवार को जानकारी लगी तो हम लोगों ने कोमल पाल, श्रीपत पाल से कहां की हम जैसे गरीब आदती की जमीन पर कब्जा क्यों कर रहें है। तो बह जातिसूचक शब्दों का उपयोग करें गाली देने लगे और श्रीपत अपने भाई कोमल से बोला कि इसे पकड़कर घर के अंदर ले चले और बुरी बुरी गालियां देने लगे बाद में दोनों लोग पकड़कर घर के अंदर खीचने लगे तभी मेरा देवर गोपी आ गया और उन लोगों से बचाया डायल 112 को भी सूचना दी। और थानी गढ़ीमलहरा पहुंचे तो पुलिस ने उल्टे उसके देवर पर धारा 151 का मामला दर्ज कर दिया। जबकि श्रीपत पाल और कोमल पाल द्वारा उसके साथ छेडछाड़ करने की कोशिश की गई। लेकिन इस पर मामला दर्ज नही किया गया। रात को दोनो लोग उसके घर आए और धमकी देने लगे कि सुधर जाओ अभी तो तेरे देवर पर केस लगवाया है इधर उधर जाओगी तो जिंदा जला देगे। महिला सियारानी ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

**मां पूर्णेश्वरी मंदिर में नवरात्रि उत्सव की धूम**

## बच्चियों ने किया शौर्य प्रदर्शन, गरबा में उमड़ी भीड़



**छतरपुर।** सटई रोड के मां पूर्णेश्वरी प्रांगण में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। पहले दिन बैठकी, दूसरे दिन भजन संध्या, तीसरे दिन कवि सम्मेलन और चौथे दिन तलवारबाजी व गरबा नृत्य ने भक्तों को आकर्षित किया। वार्ड के लोग गरबा में बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

बीती शाम मां पूर्णेश्वरी प्रांगण में नवरात्रि उत्सव के चौथे दिन बच्चियों ने तलवारबाजी का शौर्य प्रदर्शन किया। इसके बाद गरबा नृत्य में वार्ड के लोगों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पहले दिन बैठकी से हुआ, दूसरे दिन भजन संध्या और तीसरे दिन कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक उपस्थित रहीं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, व्यापारी डाल्डे मातेले और प्रभा स्कूल के संचालक शिव सिंह यादव भी मौजूद रहे। डॉ. नंदिता पाठक ने नवरात्रि के पावन अवसर पर सभी को बधाई दी और उत्सव को और भव्य बनाने की अपील की।

## घुवारा में स्वच्छता ही सेवा अभियान का जोरदार आयोजन

**जीवदया गौशाला पर श्रमदान, पौधारोपण और शपथ ग्रहण**



**घुवारा।** कस्बे के भगवान नगर में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत जीवदया गौशाला परिसर में एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता श्रमदान पखवाड़े का आयोजन किया गया। शासकीय हाईसेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया। सफाईकर्मियों का सम्मान किया गया, ग्राम को स्वच्छ रखने की शपथ ली गई और गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया।

भगवान नगर स्थित जीवदया गौशाला परिसर में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। शासकीय हाईसेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्राम की सफाई की। सफाईकर्मियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी ने ग्राम को साफ-सुथरा रखने की शपथ ली। इसके बाद गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशिकांत अग्निहोत्री ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ग्राम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए, बिना आमजन की सहभागिता के अभियान सफल नहीं हो सकता। जब तक ग्रामवासी जागरूक और संकल्पित नहीं होंगे। बड़ामलहरा एसडीएम आयुष जैन ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ग्राम सुंदर बनेगा और लोग बीमारियों से बच सकेंगे। इसलिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सभी ने श्रमदान कर झाड़ू लगाई और कचरा गाड़ी में डाला। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशिकांत अग्निहोत्री, एसडीएम आयुष जैन, जनपद सीईओ ईश्वर प्रसाद वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि राजा, भूपेंद्र सिंह, सुखसाहब सिंह खैरी, सचिव प्रेमनारायण तिवारी, अभिषेक जैन, रिहान खान, सरपंच रामदेवी शंकर सोनी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन नगरी में स्वदेशी अभियान के तहत निकली पदयात्रा

**व्यापारियों को नेक्स्टजेन जीएसटी के लाभों से किया अवगत**



**खजुराहो।** सांसद वीडी शर्मा और राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने शुक्रवार को स्वदेशी अभियान के तहत पर्यटन नगरी खजुराहो में भव्य पदयात्रा निकाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन के प्रचार के लिए आयोजित इस यात्रा में प्रमुख बाजारों, दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का दौरा किया गया। व्यापारियों को नेक्स्टजेन जीएसटी के फायदों और बदलावों की जानकारी दी गई, जो व्यापारियों और उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक साबित होगा। पदयात्रा ने शहर में उत्साह फैलाया।

सांसद वीडी शर्मा और विधायक अरविंद पटैरिया ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा के दौरान उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर नेक्स्टजेन जीएसटी के लाभ बताए, जिसमें स्लैबों की संख्या कम करना, इनवर्टेड टैक्स संरचना सुधारना, दैनिक आवश्यक वस्तुओं, पैकेज्ड फूड, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंश्योरेंस पर जीएसटी दरें कम करना शामिल है। यह बदलाव 22 सितंबर 2025 से प्रभावी होंगे और व्यापारियों के लिए अनुपालन आसान बनाएंगे, जबकि उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद और विधायक ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू अवस्थी, मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, उपाध्यक्ष बिट्टी बाईपाल, बहादुर पाल, खजुराहो व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, श्याम बाबू वकील, श्रीकांत मिश्रा, बद्री अवस्थी, कपिल सोनी, गौरव अग्रवाल, राधे बाबा द्विवेदी, बॉबी शिवहरे, भैया जी अचनार, मुकेश पांडे, रजत अग्रवाल, कपिल प्रताप सिंह बुंदेला, रामेश्वर अहिरवार, रविंद्र पाठक, जग्गू तिवारी, बृज गोपाल अवस्थी, बालवीर गौतम सहित कई नेता उपस्थित रहे।

## मां आदिशक्ति के सजे दरबार, भक्तों में उत्साह



**खजुराहो।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। माता रानी के भक्त भक्ति में डूबे हुए हैं, और नगर के हर कोने में माता आदिशक्ति के दरबार सजे हैं। मंदिरों और पंडालों में प्रतिदिन धार्मिक और सामाजिक आयोजन हो रहे हैं, जो भक्तों में उत्साह जगा रहे हैं।

खजुराहो की लक्ष्मीपुरम कॉलोनी में माता की मनोरम प्रतिमा और आकर्षक सजावट भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रही है। यहां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा माता आदिशक्ति का भव्य दरबार सजाया गया। मां की ऊंची प्रतिमा और सुंदर सजावट भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति द्वारा रोजाना भक्ति भजनों, आरती और विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है, जो भक्तों में भक्ति का नया रंग भर रहा है। माता के दर्शन के बाद भक्तों को आनंद की अनुभूति हो रही है। नगर के अन्य हिस्सों में भी मंदिरों और पंडालों में माता की पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है।

**तेरे चरणों की धूल ने मुझे मशहूर कर दिया**

## गायक अमित धुर्वे को बागेश्वर धाम के मंच ने दिलाई नई पहचान

**बागेश्वर महाराज ने आशीर्वाद में दी कथा की 1 दिन की दक्षिणा**



**छतरपुर।** आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम का सांस्कृतिक मंच क्षेत्रीय कलाकारों को पहचान दिलाने के लिए भी प्रसिद्ध हो गया है। बीते रोज नर्मदा किनारे स्थित खरगोन जिले के महेश्वर का रहने वाला एक आदिवासी युवक बागेश्वर धाम के मंच से गाकर मशहूर हो गया। महाराज श्री ने इस युवक को कथा में आई एक दिन की दक्षिणा आशीर्वाद स्वरूप दे दी। इस मंच से गाकर मशहूर हुए युवक को टी सीरीज और संस्कार चैनल से ऑफर मिल गया है। युवक ने कहा की महाराज श्री के चरणों की धूल ने ही मुझे यह स्थान दिलाया है।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हमेशा क्षेत्रीय कलाकारों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। कई ऐसे कलाकार है जिन्होंने यहां के सांस्कृतिक मंच में प्रस्तुति दी और बाद में उन्होंने पूरे देश में अपना नाम कमाया । विगत रोज महेश्वर से आए भजन गायक अमित धुर्वे को न केवल महाराज श्री ने अपने सांस्कृतिक मंच से भजन गाने का मौका दिया बल्कि कथा में आई एक दिन की दक्षिणा भी आशीर्वाद स्वरूप प्रदान की।

गजल शैली में भजन गाने वाले अमित बागेश्वर धाम के सांस्कृतिक मंच में गाकर ऐसे मशहूर हुए कि उन्हें प्रसिद्ध कंपनी टी-सीरीज ने भजन गाने का ऑफर दिया है। इतना ही नहीं संस्कार चैनल के सीईओ मनोज त्यागी ने भी उसे अपने ऑफिस नोयडा बुलाया है।

### कल तक जिनका नाम सुना था, वहीं से आया बुलावा

आदिवासी परिवार में जन्म अमित धुर्वे ने कहा कि बागेश्वर सरकार ने 22 सितंबर को अपने मंच से मुझे गाने का अवसर ही नहीं दिया बल्कि उन्होंने मुझे मशहूर कर दिया। अमित का कहना है कि महाराज श्री की चरणों की धूल ने हीं मुझे नया जन्म दिया है। जिस प्लेटफार्म के बारे में मोबाइल और टीवी के माध्यम से जानकारी मिलती थी महाराज श्री की कृपा से आज वहीं से ऑफर आ रहे हैं। यह महाराज श्री की कृपा और करुणा है जो उसे इस मुकाम तक पहुंचा रही है।

### हारमोनियम सुधारने वाले की दौड़ गई सरगम

महेश्वर निवासी अमित धुर्वे के घर हारमोनियम सुधारने का व्यवसाय होता है। पिछली कई पीढियों से चल रहे इस कार्य में अमित भी हाथ बटाता है। हारमोनियम सुधारने से उसे हारमोनियम बजाने का अभ्यास हो गया। धीरे-धीरे वह गायकी में उतर आया। अमित के दादा के समय से चल रहे व्यवसाय को अमित आगे बढ़ा रहे हैं।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए लगेगा शिविर

**छतरपुर।** पेंशन बीमा एवं भविष्य निधि म.प्र. भोपाल के संचालक की मंशा के अनुरूप एवं छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले अंतर्गत कर्मचारियों के सेवा निवृत्त होने पर जिला पेंशन कार्यालय स्तर से तत्काल पीपीओ जारी किया जाना है। जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी जिनके पेंशन प्रकरण लंबित है, उनकी सेवा-पुस्तिका मय वांछित अभिलेखों को प्राथमिकता के आधार पर शिविर में भेजना सुनिश्चित करें। जिससे लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जा सकें। उक्त लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला पेंशन कार्यालय छतरपुर में 29 एवं 30 सितंबर 2025 को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आरोपः देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर रही महिला

**युवाओं ने एसपी कार्यालय में की शिकायत**



**छतरपुर।** शहर से सटे हुए गांव नारायणपुरा की एक महिला पर सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां करने और फोटो-वीडियो साझा करने का आरोप लगा है। शुक्रवार को गांव के युवाओं ने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय में दर्ज कराई है, जिसमें दोषी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

नारायणपुरा निवासी राहुल यादव ने एसपी कार्यालय में आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि नारायणपुरा की रहने वाली माया वर्मा इंस्टाग्राम पर देवी-देवताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणियां कर रही हैं और फोटो-वीडियो अपलोड कर रही हैं। राहुल ने कहा कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल रहा है। उन्होंने मांग की है कि माया वर्मा के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

## जमीन के विक्रय पत्र पर शराब के नशे में धोखे से करवा लिए हस्ताक्षर

**पीड़ित परिवार ने एसपी से की शिकायत, रजिस्ट्री निरस्त कराने की मांग**



**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के सेंधपा गांव की महिला ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने शराब के नशे में धुत्त उसके पति से जमीन के विक्रय पत्र पर हस्ताक्षर करा लिए और जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराने और सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है।

सेंधपा निवासी भुरिया बाई पत्नी रज्जू अहिरवार ने बताया कि उसे शासन से कृषि भूमि खसरा नंबर 434/1/1 रकबा 1.0780 हेक्टेयर प्राप्त हुई थी, जो पति रज्जू अहिरवार के नाम थी। पिछले दिनों जब उसका पति शराब के नशे में धुत्त था तभी गांव के नरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह बुन्देला ने अपनी पत्नी अर्चना सिंह बुन्देला के नाम पर बनाए गए उक्त जमीन के विक्रय पत्र पर रज्जू के हस्ताक्षर करवा लिए। इतना ही नहीं नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बिना पैसा दिए उक्त जमीन की रजिस्ट्री भी करवा ली है, जिसमें गांव का रतीराम प्रजापति और भगवानदास अहिरवार गवाह हैं। भुरिया बाई के मुताबिक भूमि विक्रय में कोई केवाईसी नहीं हुई, न मोबाइल पर ओटीपी, मैसेज आया। यहां तक कि रजिस्ट्रार ने भी उनके बयान नहीं लिए। बिजावर रजिस्ट्रार कार्यालय में भी लेन-देन का कोई रिकॉर्ड नहीं है। उन्होंने उक्त रजिस्ट्री को निरस्त करने और भूमि वापिस उसके पति के नाम पर करने के साथ-साथ जालसाजी करने वाले दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# साढ़े 6 सैकड़ा से अधिक मरीजों को मिला वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ

**महिला सरपंच सहित 5 लोगों ने किया रक्तदान, निःशुल्क की गईं जांचें**



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में सेवा पखवाड़े अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। जिसमें स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ग्राम एवं निकाय स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत विभिन्न स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्य भी किए जा रहे हैं।

ग्राम पंचायत ईशानगर में विगत दिवस में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम में पहली बार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम पर खासकर महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के साथ उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस दौरान सरपंच निधि मिश्रा ने रक्तदान किया। साथ ही 4 और लोगों के द्वारा भी रक्तदान किया गया। सरपंच निधि मिश्रा स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुईं थीं। साथ ही इस ग्राम पंचायत में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही कई नवाचार भी किए जा रहे हैं। 17 सितम्बर से जारी स्वच्छता पखवाड़े के तहत पूरे प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक जारी रहेगा। इस दौरान शासन द्वारा जारी किए गए 15 दिवसीय कार्यक्रम के साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा विशेष अभिरुचि लेकर अन्य गतिविधियां भी की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईशानगर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान करीब 670 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं भी वितरित की गई और चिकित्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ रविंद्र पुरोहित, यूनिसेफ कंसल्टेंट प्रतिभा गौर ,डीपीएम राजेंद्र खरे, डीसीएम दीप्ति जैन, आरकेएसके जिला समन्वयक द्वारा मौजूद रहकर मॉनिटरिंग की गई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, एचबी जाँच, टीवी स्क्रीनिंग, एक्सरे, नेत्र रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, दंत चिकित्सा, हड्डी रोग, उमंग क्लिनिक, निक्षय मित्र, सिकल सेल, आभा आईडी पंजीयन, पीएमएसएमए, रक्त दान शिविर, आदि सेवाएं प्रदान की गईं। बीएमओ डा. गिरीश साहू ने स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की। शिविर में 5 यूनिट रक्त दान हुआ। साथ ही 6 दिव्यांगजनो के नए पंजीयन भी हुए जिनके प्रमाण पत्र जिले से वितरित किए जाएंगे।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सरकना जिला छतरपुर (म.प्र.)**

*आम सभा की सूचना*

प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति मर्या.सरकना जिला छतरपुर म.प्र.की साधारण वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 27.09.2025 दिन के 11: 00 बजे संस्था कार्यालय सरकना में की जाना निश्चित की गई है। समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की आमसभा दिनांक 27.09.2025 को दिन के 11:00 बजे संस्था के कार्यालय में आयोजित किया जाना है। जिसमें समस्त सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है। सभी सदस्यों को आमसभा की सूचना साधारण डाक द्वारा भेज दी गई है। जिसमें आप की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। बैठक की विषयावली निम्न प्रकार है ।

1.गत वर्ष की आमसभा का बचन एवं पुष्टी।
2. वर्ष 2024-2025 की अंकेक्षण टीप एवं वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन।
3. वर्ष 2024-2025 का पूरक बजट एवं वर्ष 2025-2026 के अनुमानित बजट आय-व्यय की स्वीकृति।
4. संस्था में वर्ष 2025-2026 के लिए अंकेक्षण की नियुक्ति बावत विचार।
5. वर्ष 2025-26 के बार्षिक कार्यक्रम को पारित करना।
6. गत वर्ष बनाए गए नवीन सदस्यों की पुष्टी एवं इस वर्ष बनाये जाने वाले नवीन सदस्यों की स्वीकृति।
7. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सरकना जिला छतरपुर ( म.प्र. )

प्रशासक — समिति प्रबंधक

## खबर संक्षेप

### घूमने गए दंपती पर हमला, बंधक बनाकर मारपीट



रीवा। रीवा जिले के चर्चित पर्यटन स्थल गोविंदगढ़ किले में बुधवार शाम एक सनसनीखेज वारदात हुई। किले परिसर के पास तालाब किनारे घूमने आए एक दंपती पर दो बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने दंपती को रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया और उनके साथ मारपीट की। महिला के साथ छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने का प्रयास भी किया गया। हालांकि, वक्त रहते परिजनों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी अनहोनी टल गई। बता दे घटना बुधवार शाम की है, जब दंपती गोविंदगढ़ किले के समीप तालाब किनारे बैठा हुआ था। तभी दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उन्हें घेर लिया। दोनों ने पहले दंपती को डराया-धमकाया, फिर रस्सियों से बांध दिया और बेरहमी से पीटा। महिला के साथ अभद्रता की गई और आरोपियों ने मोबाइल व पर्स भी लूट लिया,दंपती के परिजनों ने जब फोन मिलाया, तो युवक ने घबराते हुए बताया कि तालाब किनारे दो लोग अभद्रता कर रहे हैं,इसके बाद अचानक फोन कट गया। इससे परिजन घबरा गए और उन्होंने तुरंत गोविंदगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद राठौर के नेतृत्व में पुलिस की दो टीमों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दंपती को सकुशल मुक्त कराया।बॉक्सआरोपी मौके से फरार, फिर हुई गिरफ्तारीपुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पूरे इलाके में नाकाबंदी की गई। एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने तत्काल थाना प्रभारी अरविंद राठौर व चौकी प्रभारी निशा कुता के नेतृत्व में टीमें गठित कीं। देर रात तक चली सर्चिंग के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें शिवकुमार मिश्र, निवासी छिरहटा, थाना गोविंदगढ़,महेंद्र लोनिया, पिता राममिलन लोनिया, निवासी गोविंदगढ़ पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, पर्स और घटना में प्रयुक्त लोहे की वी-पाइप जब्त कर ली है। बॉक्स इससे पहले गुढ़ में हो चुका है गैंगरेपगौरतलब है कि रीवा जिले में पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। गुढ थाना क्षेत्र की पहाड़ियों में कुछ समय पहले एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई थी, जहां दंपती के साथ बदमाशों ने दरिंदगी की थी। पति को बंधक बनाकर पत्नी के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। इस मामले में अदालत ने सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।बॉक्स पर्यटन स्थलों की सुरक्षा पर सवालबार-बार हो रही इन घटनाओं से यह सवाल उठता है कि प्रशासन पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा इंतजाम क्यों नहीं बढ़ा रहा। गोविंदगढ़ किला, रीवा जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल है, लेकिन वहां न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही सुरक्षा बल तैनात हैं।

### सोयाबीन खरीदी में किसानों को मिलेगा भावांतर योजना का लाभ

रीवा । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भावांतर योजना के बारे में बताया कि यह योजना किसानों को सोयाबीन की खरीदी में लाभदायक होगी। हितग्राही को सीधा लाभ मिले इसके लिए कलेक्टर स्वयं भी मण्डी भाव निर्धारण का निरीक्षण कर मानीटरिंग करें तथा मण्डी में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की ड्यूटी भी लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सोयाबीन खरीदी के लिए पंजीयन किया जाएगा तथा भावांतर की अवधि एक नवम्बर से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वह भी सतत निगरानी करें ताकि किसान को सोयाबीन की फसल का सही रेट मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी हालत में किसान का नुकसान नहीं होना चाहिए। शासन उसकी भरपाई करेगा। उन्होंने इस योजना के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्रामसभा में भी इस संबंध में किसानों को बताया जाए। प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से किसानों को योजना के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में गतिविधियों के नियमित संचालन के निर्देश देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत व आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान भी 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अन्त्योदय उत्सव में गोष्ठियों के आयोजन के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत अभियान में सभी को इसके लाभ से अवगत कराया जाए। भोपाल में वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने भी स्वदेशी अपनाने की बात कही। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट एनआईसी में कलेक्टर प्रतिभा पाल तथा कमिश्नर कार्यालय एनआईसी में अपर कमिश्नर श्रीमती नीतू माथुर, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीवा में बिजली विभाग बना लूट खसोट अड्डा, जहां सीधे होता है सौदा

# पट गया मामला तो लाखों का बिल जीरो

### 3 करोड़ 23 लाख का प्रकरण प्रभारी जेई ने 37 हजार में निपटा दिया, पंचनामा से सौदेबाजी तक का काला खेल उजागर

रीवा।



रीवा जिले में बिजली विभाग अब सौदेबाजी का अड्डा बन चुका है, जहां कुछ अधिकारियों की करतूतें अब धीरे-धीरे उजागर हो रही हैं। विभाग में कार्यरत कुछ जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली के लिए एक सुनियोजित सिस्टम चला रहे हैं, जिसमें बिजली चोरी के नाम पर पहले मामूली या शून्य (0) रुपए का पंचनामा बनाकर सौदेबाजी शुरू की जाती है, और जब मामला नहीं बनता, तो वही प्रकरण लाखों तक पहुंचा दिया जाता है। वही लाखों का बिल शून्य तो कभी हजारों में तब्दील हो जाता है, यह मामला महज कुछ अफसरों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे शहर संभाग में अधिकारियों की मिलीभगत से सालों से जारी लूट का नेटवर्क बन चुका है। अब जबकि कई दस्तावेज सामने आ गए हैं, तो यह स्पष्ट हो गया है कि कैसे एक संगठित तंत्र उपभोक्ताओं को फर्जी केस में फंसाकर डराता, धमकाता और फिर सेटेलमेंट के नाम पर रकम वसूलता रहा है। बता दे पहले विभाग के जेई और एई निरीक्षण के नाम पर औचक जांच करते हैं। जांच के दौरान अक्सर कोई गड़बड़ी नहीं पाई जाती, लेकिन फिर भी प्राथमिक पंचनामा बनाया जाता है,कई मामलों में यह पंचनामा शून्य (0) या बहुत कम राशि का होता है। इसके बाद शुरू होती है गुप्त सौदेबाजी, उपभोक्ता से मोटी रकम की मांग की जाती है। रकम न मिलने पर पहले का जीरो पंचनामा अचानक रिवाइज होकर लाखों में तब्दील हो जाता है।वही सौदेबाजी हो गई तो लाखों का बिल हजारों में तब्दील हो जाता है। बॉक्स कुछ चौंकाने वाले मामलेRW20250916123422533 जेई संजय सिंह 0 रुपए 2,10,229 रुपए RW20250918135447364 प्रदीप दुबे 936रूपये 28,941 रुपए FS1220220923115020923 राजेश श्रीवास्तव 0 रुपए 14,075 रुपए RW20250906160206576 संजय सिंह 4,000 रुपए 81,341 रुपए RW20250902144705920 अजय मिश्रा11,975 रुपए 92,857रुपए RW20250822131334802 संजय सिंह 1,000रुपए 2,30,388रुपए ये केवल बानगी हैं। ऐसे दर्जनों मामले हैं जहां पहले जीरो या कम राशि का पंचनामा बना, बाद में सौदा न पटने पर रिवाइज कर लाखों का कर दिया गया।बॉक्स जब सौदा पट गया तो लाखों के बिल जीरो रीवा शहर में सिर्फ एक वर्ष में 57 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई कर 6 करोड़ 64 लाख से अधिक की राशि की वसूली का प्रस्ताव तैयार किया गया। लेकिन जब अंदरखाने सेटलमेंट हुआ तो यह राशि घटकर सिर्फ 41 लाख पर आ गई। यानी लगभग 6.2 करोड़ रुपए का मैनेजमेंट कर दिया गया।इसमें कई बड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के नाम शामिल हैं, जिनसे 10 लाख, 20 लाख और यहां तक कि 1.3 करोड़ रुपए तक के प्रकरणों को कुछ हजार में रफा-दफा कर दिया गया।बॉक्सलाखों, करोड़ों का पंचनामा तैयार कर फिर रिवाइज कर जीरो तक कियाआरडब्लूए202509 जेई बालकृष्ण 109255 रुपए को 00 रुपए कर दिया आर डब्लू ए 202509 एई सनातन शर्मा ने 93723 रुपए को 2524रुपए कर दिया आरडब्लूए 202509 जेई संजयसिंह ने 134838 रुपए को 48723 रुपए कर दिया आरडब्लूए 202509 जेई अजय मिश्रा ने 356907रुपए 46452 रुपए कर दिया आरडब्लूए20250 को जेई प्रकाश ने 831398रुपए को 443719 रुपए कर दिया आरडब्लूए202508 जेई राजेश ने 1420264रुपए को 614254रुपए कर दिया। बॉक्स शिकायत पर ट्रांसफर नहीं, बस जोन बदला, कुछ ही दिन में अफसरों की वापसी भी तयअवैध वसूली में लिप्त कुछ अफसरों को जब जांच या शिकायतों के कारण स्थानांतरित किया गया, तब उन्होंने भी जुगाड़ लगाकर पुराने पद या जोन में वापसी पा ली। उदाहरण जेई अजय मिश्रा को मनगवां भेजा गया, लेकिन कुछ ही दिनों में वापस चोरहटा पहुंच गए। एई रविंद्र कौशल और जेई संजय सिंह जैसे नाम लंबे समय से इसी ज़ोन में जमे हुए हैं और करोड़ों की सेटलमेंट कर चुके हैं।बॉक्स नामचीन उद्योगपतियों को मिली करोड़ों की राहत, आम उपभोक्ता काट रहे ऑफिसों के चक्करबता दे आम नागरिक अपने हजार-दो हजार के गलत बिजली बिल को सुधारवाने के लिए महीनों दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, वहीं कुछ विशेष उपभोक्ताओं के करोड़ों के बिल चुपचाप मामूली रकम में निपटा दिए गए। शहर के चोरहटा जोन के जेई अजय मिश्रा के क्षेत्र में यह गड़बड़झाला बड़े पैमाने पर सामने आया है। इंडस्ट्रियल एरिया में घरेलू कनेक्शन की संख्या सीमित है, बावजूद इसके लाखों रुपए के बिजली बिलों को हजारों में समेटने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। यहां तक कि कई उपभोक्ताओं पर बनी पेनाल्टी रिपोर्ट (पंचनामा) के बावजूद उन्हें नियमों से इतर राहत दी गई। इन गड़बड़ियों की फाइलें अब धीरे-धीरे बाहर आने लगी हैं। यदि निष्पक्ष जांच होती है, तो यह मामला बिजली विभाग में अब तक के सबसे बड़े अनियमितताओं में से एक बन सकता है।बॉक्सलोक अदालत में भी नहीं मिल रही राहतवहीं दूसरी ओर शहर संभाग के हजारों आम उपभोक्ता जब अपने बिल की त्रुटियों को लेकर लोक अदालत पहुंचे तो उन्हें कोई राहत नहीं दी गई। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि अधिकारियों ने सीधे शब्दों में कह दिया कोई समझौता नहीं होगा। न सुनवाई, न संशोधन।



## धान उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

रीवा।

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है। ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। जिले में 59 धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। अब तक 11309 किसानों ने पंजीयन कराया है। एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज देकर 10 अक्टूबर तक उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि धान के उपार्जन का पंजीयन कराने के लिए किसानों को अपने आधार कार्ड, बोये गए अनाज के रकबे की जानकारी के लिए ऋण पुस्तिका की प्रति, आधार सीडेड बैंक खाते तथा बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नम्बर की जानकारी देना आवश्यक होगा। बैंक खाते के साथ-साथ बैंक का आईएफएस कोड भी किसान अवश्य प्रस्तुत करें। उपार्जन से भुगतान के लिए जनधन खाते, अक्रिय बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। उपार्जन का भुगतान आधार संख्या तथा फोन नम्बर से जुड़े बैंक खाते से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन गिरदावरी के आधार पर किया जाएगा। पूर्व से पंजीकृत किसानों एवं नवीन किसानों की भूमि का रकबा, फसल एवं फसल की किस्म की जानकारी गिरदावरी से ली जायेगी। पंजीयन ओटीपी आधारित व्यवस्था से होगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसान पंजीयन सिकमी/बटाईदार अनुबंध ही मान्य होंगे।

## सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी

# महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के साथ ही किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य का किया जा रहा है परीक्षण

रीवा ।



सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए निःशुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर तथा पोषण स्तर की जाँच की जा रही है। गर्भवती महिला का पंजीयन कर उसका एएनसी चेकप किया जा रहा है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच में हीमोग्लोबिन व ब्लडप्रेशर की जाँच की जा रही है। हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूलों में 11 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के सवास्थ्य की जाँच कर एनिमिक पाई जाने वाली किशोरियों के समुचित उपचार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभियान के दौरान महिलाओं व शिशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र, जोड़ौरी, तिवनी, रायपुर कर्चुलियान सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई। सेवा पखवाड़ा अभियान अन्तर्गत सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरमौर, मझिगवां, शाहपुर, गायत्री विद्या मंदिर नेहरू नगर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटहट में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। सिविल अस्पताल सिरमौर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने शिविर का निरीक्षण किया और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को समाज व महिलाओं के लिए उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोग लें।

# सवालों के घेरे में नगर विजयादशमी उत्सव समिति

## दशहरा आयोजन से पहले दो सदस्यों ने खोली पोल

### लाखों के गबन सहित कई गंभीर आरोपों की जांच की मांग

रीवा।



आगामी दिनों में होने वाले दशहरे और भरत मिलाप जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों से पहले नगर विजयादशमी उत्सव समिति पर गंभीर अनियमितताओं और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप सामने आए हैं। इसको लेकर समिति के ही दो वरिष्ठ सदस्यों सुशील खरे और राजनारायण मिश्रा ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता कर समिति की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने समिति पर मनमानी, चंदे की राशि में गड़बड़ी, और लंबे समय से चुनाव न कर कार्यकारिणी का गठन न करने जैसे आरोप लगाए हैं। बताया गया कि नगर विजयादशमी उत्सव समिति, जो कि पिछले 50 वर्षों से दशहरा और भरत मिलाप जैसे धार्मिक आयोजनों का आयोजन करती आ रही है, का विधिवत पंजीयन वर्ष 2004 में हुआ था। समिति का कार्य लंबे समय तक पारदर्शिता से चलता रहा, लेकिन वर्ष 2018 के बाद से इसमें अनियमितताओं की शुरुआत हो गई। सदस्यों का आरोप है कि वर्ष 2018 में समिति में चुनाव नहीं कराए गए, बल्कि मनोनयन प्रक्रिया के जरिए नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। वैभव आर्या की मृत्यु के बाद प्रकाश तरानी और उनके सहयोगियों ने पूरे निर्माणकर्ता सदस्यों की लिस्ट 2022 बदल दी और बिना चुनाव कराए ही स्वघोषित अध्यक्ष बन गए। आरोप है कि खातों में गड़बड़ी है। सदस्यों ने बताया कि अध्यक्ष प्रकाश तरानी द्वारा धार्मिक समिति को राजनीतिककरण किया जा रहा है समिति का संरक्षक भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता को बनाया गया जो नियम विरुद्ध है। इस पूरे मामले की शिकायत रीवा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी सिविल लाइन, सहायक पंजीयक फर्म्स एंड सोसायटी रीवा, और आयुक्त फर्म्स एंड सोसाइटी भोपाल से की गई है। मांग है कि दशहरा और भरत मिलाप जैसे कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी एक अस्थायी समिति को सौंपी जाए, जो शासन के अधीन कार्य करे। समिति की आर्थिक गतिविधियों की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराई जाए। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। बॉक्स कोषाध्यक्ष के पद पर भी दोहरी स्थिति, दस्तावेजों में भिन्न नामसबसे गंभीर आरोप समिति के कोषाध्यक्ष पद को लेकर हैं। समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से अमित डिगवानी को कोषाध्यक्ष बताया गया है, जबकि फर्म्स एंड सोसाइटी के रिकॉर्ड में मोहित गुप्ता का नाम दर्ज है।आरोप है कि फर्म और सोसायटी में कोषाध्यक्ष और खाता दूसरा है जबकि लेन देन दूसरे नाम से किया जा रहा है।बॉक्स सैलरी, मीटिंग और स्वच्छता के नाम पर राशि गायबप्रेस वार्ता में सदस्यों ने जो ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की, उसके अनुसारः सैलरी के नाम पर 3,26,000 रुपए की राशि गबन की गई। समिति की बैठकें वर्ष भर में कभी आयोजित ही नहीं हुईं, फिर भी उनके नाम पर 33,950 रुपए की निकासी दिखाई गई। स्वच्छता कार्यक्रम के नाम पर 1,87,000 रुपए की राशि खर्च दिखाकर उसका गबन किया गया।

## घर-घर प्राकृतिक खाद बनाने के लिए संकल्पित हुए कृषक



रीवा । स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत कृषक जागरूकता अभियान का आयोजन प्राकृतिक कलस्टर ग्राम बेलवाकुर्मीयान, रजहा विकासखंड गंगेव मे किया गया जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएल वर्मा द्वारा प्राकृतिक खेती के घटकों बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र प्राकृतिक खाद बनाने की विधि की चर्चा कृषकों से की गई। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शिवशरण सरल द्वारा रबी फसलों की आकस्मिक कार्य योजना, मृदा परीक्षण एवं अन्य विभागीय योजनाओं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, दलहन, तिलहन मिशन, सुपर सीडर, नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गयी। दीपक कुमार श्रीवास्तव बीटीएम गंगेव आत्मा परियोजना द्वारा रासायनिक उर्वरकों मे आत्म निर्भरता कम करने के लिए, प्राकृतिक खाद बनाने, गौपालन, जैविक खेती, फसल विविधिकरण, समन्वित फसल प्रणाली के लिए किसानों को संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती बबिता साकेत, युगल किशोर प्रधान, सुधांशु शुक्ला एवं प्राकृतिक खेती करने वाले पंजीकृत कृषक उपस्थिति रहे। भ्रमण के दौरान वैज्ञानिक दल की उपस्थिति में मोतीलाल पटेल पिता जमुना पटेल ग्राम बेलवा कुर्मियान द्वारा प्राकृतिक कोदो एवं विनायक पटेल के यहाँ प्राकृतिक अरहर निरीक्षण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन नरवाई प्रबंधन अंतर्गत धान का निरीक्षण भी किया गया।

## मऊगंज के गड़रा मे लोक कल्याण शिविर का हुआ आयोजन





मऊगंज। जिले के रमनगरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गड़रा में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। लोक कल्याण शिविर में दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया गया। दिव्यांगों को जैसे ही ट्राईसाइकिल और अन्य उपकरण मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। शिविर में कुल विभिन्न विभागों से संबंधित 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 30 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। लोक कल्याण शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ देने के लिए राजस्व विभाग, ट्राईबल, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सामाजिक न्याय, पुलिस, सहकारिता, शिक्षा, विद्युत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा लोकसेवा केन्द्र द्वारा स्टाल लगाए गए। शिविर में मऊगंज विधायक श्री प्रदीप पटेल उपस्थित रहे। विधायक श्री पटेल ने कहा कि शासन द्वारा आमजनों के हित के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आमजन इनका लाभ इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर लोक कल्याण शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को आसानी से विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त हो जाता है। शिविर में आमजनों से जुड़े लगभग सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए जिससे लोगों को एक ही स्थान पर शासन की योजनाओं का लाभ मिलना संभव हो पाया। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि स्वच्छता की गतिविधियों के साथ ही स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के उद्देश्य से लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया है।

## लौर पुलिस ने 7 गौवंशों को वध से बचाया, आरोपी वाहन चालक फरार

मऊगंज



जिले के लौर थाना अंतर्गत ग्राम खैरा, खुटहा में वर्षों से गौ तस्करों का एक बड़ा अड्डा बना हुआ है यहां आये दिन रात में अवैध वाहनों का आना जाना बना रहता है इसी कड़ी में कल रात में एक पिकप वाहन मध्यरात्रि में आता देख खेत की रखवाली करने वाले किसानों ने रुकवाया तो उसमें पीछे भुट्टे की बोरी दिखाई दी इसी दौरान गाड़ी में कुछ हलचल हुई जिससे लोगों को शंका हुई तो गाड़ी पर चढ़कर देखा तो दंग रह गए वहां 5 गाय और 2 बैल रस्सी से बंधे हुए थे इस दौरान गाड़ी का चालक और साथी फरार हो गए, मामले की जानकारी डायल 112 और पुलिस अधीक्षक मऊगंज को दी गई जिस पर डायल 112 पहुंच कर गाड़ी को कब्जे में लेकर लौर थाना पहुंचकर बंधे मवेशियों को छुड़ाकर गौशाला में भेजा गया है गाड़ी में बेहोशी का इंजेक्शन और गोलियां भी बरामद हुई है, गाड़ी का नंबर up 66,at 6050 है जो मिर्जापुर की है पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए बड़ी जांच में जुटी है ग्रामीणो ने बताया कि खैरा कनकेसरा खुटहा में मध्यरात्रि में भारी पैमाने पर गौ तस्करी के साथ अवैध कार्यो का बड़ा व्यापार होता है यहां रात में कई अवैध वाहनों का आना जाना लगा रहता है वहीं बड़ा कंटेनर भी आता है जिसमें मवेशियों को भरकर ले जाया जाता है इसमें स्थानीय लोग भी शामिल हैं इसी तरह बीते माह में मनिकवार मे एक पिकअप वाहन पकड़ा गया था जिसमें गायों को भी मुक्त कराया गया था और स्थानीय वहीं लोग ले देकर मामला शांत कराया था,इस अंचल में एक गौ तस्करी का बड़ा व्यापार चल रहा है जिसमें सीधी, सिंगरोली तक से खरीददारों की मंडी बना है।